# INTELLIGENCE BUREAU

(Ministry of Home Affairs)

Government of India

| | |
|---|---|
| Test Date | 29/09/2025 |
| Test Time | 8:30 AM - 9:30 AM |
| Post Name | SECURITY ASSISTANT/EXECUTIVE |

**Q.1** **मई 2025 में घोषित राष्ट्रीय ई-गवर्नेंस पुरस्कार 2025 के तहत, किस ग्राम पंचायत ने अपनी जमीनी स्तर की पहल के लिए स्वर्ण पुरस्कार जीता?**

Ans A). पलसाना ग्राम पंचायत, गुजरात B). रोहिणी ग्राम पंचायत, महाराष्ट्र C). पश्चिमी मजलिशपुर ग्राम पंचायत, त्रिपुरा D). सुआकाटी ग्राम पंचायत, ओडिशा

Correct Answer: B

**Q.2** **2025 में, अन्य लक्ष्यों के अलावा किफायती 5G, दूरसंचार में स्थानीय विनिर्माण और डिजिटल संप्रभुता को बढ़ाने के लिए भारत में कौन-सी प्रमुख नीति पेश की गई?**

Ans A). संचार विनियामक संशोधन, 2025 B). इंडिया कनेक्टिविटी एक्ट, 2025 C). डिजिटल इंडिया नीति, 2025 D). राष्ट्रीय दूरसंचार नीति, 2025

Correct Answer: D

**Q.3** **जून 2025 में, किस राज्य सरकार ने ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जल संसाधनों का विस्तृत डेटाबेस तैयार करने हेतु जल संसाधनों की गणना (census) शुरू की?**

Ans A). ओडिशा B). उत्तर प्रदेश C). कर्नाटक D). केरल

Correct Answer: A

**Q.4** **जून 2025 में, किस राज्य सरकार ने शहरी गरीब महिलाओं को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए 'डिजी-लक्ष्मी' योजना शुरू की?**

Ans A). आंध्र प्रदेश B). तमिलनाडु C). कर्नाटक D). तेलंगाना

Correct Answer: A

**Q.5** **निम्नलिखित में से कौन-सा, भूकंप-प्रवण क्षेत्रों में शमन हेतु अनुशंसित स्टेप नहीं है?**

Ans A). भूकंप-प्रतिरोधी डिजाइनों का अनिवार्य उपयोग B). हल्की निर्माण सामग्री का उपयोग C). प्रभावित राज्यों में सभी विकास कार्यों पर प्रतिबंध D). संवेदनशीलता (vulnerability) मानचित्र तैयार करना और जन जागरूकता

Correct Answer: C

**Q.6** **केंद्रीय बजट 2025-26 में घोषित ₹25,000 करोड़ के समुद्री विकास कोष में भारत सरकार का अंशदान कितना है?**

Ans A). 50% B). 49% C). 75% D). 60%

Correct Answer: B

**Q.7** **ला गणेशन, जिनका अगस्त 2025 में निधन हो गया, किस भारतीय राज्य के राज्यपाल थे?**

Ans A). नागालैंड B). हरियाणा C). राजस्थान D). उत्तर प्रदेश

Correct Answer: A

**Q.8** **अगस्त 2025 में, श्यामकेंट में आयोजित 16वीं एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में भारत का प्रदर्शन कैसा रहा?**

Ans A). 30 स्वर्ण पदक, तीसरा स्थान B). 50 स्वर्ण पदक, पहला स्थान C). 40 स्वर्ण पदक, दूसरा स्थान D). 20 स्वर्ण पदक, चौथा स्थान

Correct Answer: B

**Q.9** **कौन-सी गैस नाइट्रोजन ऑक्साइड के साथ मिलकर अम्लीय वर्षा का प्रमुख कारण बनती है?**

Ans A). मेथेन ($CH_4$) B). क्लोरोफ्लोरोकार्बन (CFCs) C). सल्फर डाइऑक्साइड ($SO_2$) D). ओजोन ($O_3$)

Correct Answer: C

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.10** जुलाई 2025 में हज नीति 2026 के अपडेट में, ऐडेन्डम के माध्यम से कौन-सा नया प्रस्थान स्थल (embarkation point) जोड़ा गया?

Ans A). सूरत B). इंदौर C). विजयवाड़ा D). रांची

**Correct Answer: C**

**Q.11** सिंधु घाटी सभ्यता की सबसे प्रसिद्ध कलाकृतियों में से एक, प्रीस्ट किंग (Priest King), निम्नलिखित में से किस सामग्री से बनी है?

Ans A). टेराकोटा B). सेलखड़ी (Steatite) C). कांस्य D). लाल बालुकाश्म

**Correct Answer: B**

**Q.12** द्विवार्षिक भारत-फ्रांस संयुक्त सैन्य अभ्यास 'शक्ति' का 8वां संस्करण 18 जून से 1 जुलाई 2025 तक किस स्थान पर आयोजित किया गया?

Ans A). कैंप लार्ज़ैक, ला कैवेलरी, फ्रांस (Camp Larzac, La Cavalerie, France) B). देवलाली कन्टोनमेंट, भारत (Deolali Cantonment, India)
C). मोंटौबन प्रशिक्षण क्षेत्र, फ्रांस (Montauban Training Area, France) D). जोधपुर मिलिट्री स्टेशन, भारत (Jodhpur Military Station, India)

**Correct Answer: A**

**Q.13** स्तनधारियों में निम्नलिखित में से किस कोशिका में केन्द्रक का अभाव होता है और इस कारण गुणसूत्र नहीं होते हैं?

Ans A). यकृत कोशिकाएं B). श्वेत रक्त कोशिकाएं C). पेशीय कोशिकाएं D). लाल रक्त कोशिकाएं

**Correct Answer: D**

**Q.14** निम्नलिखित में से कौन-सा लक्षण वंशागति के मेंडेलियन सिद्धांतों का अनुसरण नहीं करता है?

Ans A). मटर के पौधों में पुष्पों का रंग B). मिराबिलिस जलापा (Mirabilis jalapa) में पर्ण शबलता C). मटर के पौधों में बीज की आकृति D). मटर के पौधों की ऊंचाई

**Correct Answer: B**

**Q.15** नृत्य विशेषज्ञ और शिक्षाविद् सी. वी. चंद्रशेखर निम्नलिखित में से किस शास्त्रीय नृत्य से संबंधित थे?

Ans A). कुचिपुड़ी B). भरतनाट्यम C). कथक D). मोहिनीअट्टम

**Correct Answer: B**

**Q.16** किस योजना के अंतर्गत, भारत सरकार ने सितंबर 2025 तक पूंजी निवेश के लिए राज्यों को 50-वर्षीय ब्याज मुक्त ऋण के रूप में ₹3.6 लाख करोड़ की मंजूरी दी?

Ans A). आत्मनिर्भर भारत इंफ्रास्ट्रक्चर पुश (Atmanirbhar Bharat Infrastructure Push) B). राष्ट्रीय पूंजी निवेश कोष (National Capital Investment Fund)
C). पूंजीगत निवेश हेतु राज्यों को विशेष सहायता योजना (Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment)
D). जल जीवन मिशन (Jal Jeevan Mission)

**Correct Answer: C**

**Q.17** 2024 में खेले गए इंडियन प्रीमियर लीग के 17वें सीज़न में ऑरेंज कैप (Orange Cap) निम्नलिखित में से किसने जीती थी?

Ans A). डेविड वार्नर B). रोहित शर्मा C). सूर्यकुमार यादव D). विराट कोहली

**Correct Answer: D**

**Q.18** राष्ट्रीय कथक नृत्य संस्थान निम्नलिखित में से किस स्थान पर स्थित है?

Ans A). नासिक B). जयपुर C). राजकोट D). दिल्ली

**Correct Answer: D**

**Q.19** 'लड़की बहिन', महिला सशक्तिकरण के लिए एक योजना है जिसके तहत हाल ही में लाभार्थियों के लिए ई-केवाईसी (e-KYC) को अनिवार्य कर दिया गया है। यह योजना किस राज्य ने शुरू की है?

Ans A). उत्तर प्रदेश B). राजस्थान C). मध्य प्रदेश D). महाराष्ट्र

**Correct Answer: D**

**Q.20** निम्नलिखित में से किसे, उसके ऐतिहासिक और सैन्य महत्व के कारण 2025 में UNESCO विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है?

Ans A). खीचन आर्द्रभूमि, राजस्थान B). मुख्यतः महाराष्ट्र में स्थित, मराठा सैन्य परिदृश्य C). नायक्कर महल, तमिलनाडु D). सुत्तूर श्रीक्षेत्र, कर्नाटक

**Correct Answer: B**

**Q.1** यदि किसी घन का आयतन 13,824 $m^3$ है, तो घन का पार्श्व पृष्ठीय क्षेत्रफल $m^2$ में ज्ञात कीजिए।

Ans A). 2313 B). 2302 C). 2304 D). 3456

**Correct Answer: C**

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.2** एक पाइप एक टैंक को 9 घंटे में भर सकता है। एक अन्य पाइप भरे हुए टैंक को 18 घंटे में खाली कर सकता है। यदि दोनों पाइपों को एक साथ खोला जाए, तो टैंक को आधा भरने में लगने वाला समय (घंटों में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 19 B). 18 C). 10 D). 9

Correct Answer: D

**Q.3** तीन धावक, X, Y और Z, 500 m परिधि वाले एक वृत्ताकार ट्रैक पर दौड़ते हैं। वे सभी एक साथ, समान बिंदु से दौड़ना शुरू करते हैं। X, 4 m/s की चाल से दौड़ता है, Y, 5 m/s की चाल से दौड़ता है और Z, 10 m/s की चाल से दौड़ता है, सभी समान दिशा में दौड़ते हैं। कितने समय बाद तीनों धावक दूसरी बार समान बिंदु पर होंगे?

Ans A). 16 मिनट और 50 सेकंड B). 16 मिनट और 40 सेकंड C). 16 मिनट और 30 सेकंड D). 16 मिनट और 20 सेकंड

Correct Answer: B

**Q.4** एक कक्षा में 30 विद्यार्थियों का औसत वजन तब 0.5 kg बढ़ जाता है जब 60 kg वजन वाले विद्यार्थियों में से किसी एक को नए विद्यार्थी से बदल दिया जाता है, तो नए विद्यार्थी का वजन (kg में) कितना है?

Ans A). 70 B). 65 C). 60 D). 75

Correct Answer: D

**Q.5** तीन स्नातक विद्यार्थी, अरुण, भव्या और चित्रा, एक शोध परियोजना पर साझा रूप से कार्य करते हैं जिससे ₹98,000 का अनुदान प्राप्त होता है। वे क्रमशः 5 : 7 : 8 के अनुपात में शोध घंटे देते हैं। अरुण 8 महीने, भव्या 12 महीने और चित्रा 9 महीने काम करती है। यदि अनुदान का वितरण योगदान किए गए घंटों के अनुपात और भागीदारी की अवधि, दोनों के आधार पर किया जाए, तो भव्या को कितनी धनराशि मिलेगी?

Ans A). ₹38,000 B). ₹40,000 C). ₹42,000 D). ₹44,000

Correct Answer: C

**Q.6** करण और अर्जुन ने मिलकर एक व्यवसाय शुरू किया। करण ने 7 महीनों के लिए अर्जुन से ₹19,000 अधिक निवेश किए, जबकि अर्जुन ने 6 महीनों के लिए निवेश किया। ₹7,752 के कुल लाभ में, करण का हिस्सा अर्जुन के हिस्से से ₹1,292 अधिक है। करण द्वारा निवेश की गई राशि ज्ञात कीजिए।

Ans A). ₹ 1,13,895 B). ₹ 1,13,801 C). ₹ 1,14,000 D). ₹ 1,14,167

Correct Answer: C

**Q.7** एक वस्तु का अंकित मूल्य ₹2,480 है और इसे 24% एवं 15% की दो क्रमागत छूटों के साथ बेचा जाता है। नकद भुगतान पर 10% की अतिरिक्त छूट दी जाती है। वस्तु का विक्रय मूल्य (निकटतम रुपये में) कितना होगा?

Ans A). ₹1,442 B). ₹1,729 C). ₹1,507 D). ₹1,687

Correct Answer: A

**Q.8** दो पाइप, A और B, एक टंकी को क्रमशः 12 घंटे और 16 घंटे में भर सकते हैं। एक तीसरा पाइप, C, टंकी को 20 घंटे में खाली कर सकता है। यदि तीनों पाइपों को एक साथ खोल दिया जाए, लेकिन पाइप C को 4 घंटे बाद बंद कर दिया जाए, तो टंकी को पूरी तरह भरने में कितना समय लगेगा? (दशमलव के बाद एक स्थान तक पूर्णांकित कीजिए)

Ans A). 8.2 घंटे B). 4.2 घंटे C). 9.1 घंटे D). 6.4 घंटे

Correct Answer: A

**Q.9** एक जैव रसायन प्रयोगशाला में 21cm की आंतरिक त्रिज्या वाले एक गोलाकार अभिक्रिया-पात्र का उपयोग किया जाता है। यदि पात्र को 150 मिलीलीटर प्रति सेकंड की निश्चित दर से एक अभिक्रियाशील विलयन से भरा जाता है, तो पात्र को पूर्णतः भरने में लगने वाला समय (निकटतम सेकंड तक पूर्णांकित) ज्ञात कीजिए।

($\pi = \frac{22}{7}$) का उपयोग कीजिए।

Ans A). 267 सेकंड B). 256 सेकंड C). 248 सेकंड D). 259 सेकंड

Correct Answer: D

**Q.10** क्रमशः 295 m और 310 m लंबी दो ट्रेनें विपरीत दिशाओं में चल रही हैं। एक ट्रेन की चाल 94 km/hr है और दूसरी ट्रेन की चाल 86 km/hr है। वे जिस समय मिलेंगी, उसके कितने समय बाद वे एक-दूसरे को पूरी तरह से पार कर लेंगी?

Ans A). 12.1 सेकंड B). 10.1 सेकंड C). 11.1 सेकंड D). 14.1 सेकंड

Correct Answer: A

**Q.11** एक व्यक्ति जो अपनी मासिक आय का 75% खर्च करता है, वह प्रति माह ₹6,189 की बचत करता है। उसका मासिक खर्च (₹ में) कितना है?

Ans A). 18,575 B). 18,621 C). 18,605 D). 18,567

Correct Answer: D

**Q.12** एक बेलन का कुल पृष्ठीय क्षेत्रफल 30,144 $cm^2$ है। यदि इसकी ऊँचाई 52 cm हो, तो बेलन का वक्र पृष्ठीय क्षेत्रफल ($cm^2$ में) ज्ञात करें। ($\pi = 3.14$ का उपयोग करें।)

Ans A). 16,575.44 B). 18,430.88 C). 14,675.44 D). 15,674.88

Correct Answer: D

Prepp
Your Personal Exams Guide

Q.13 एक परिवार में पांच सदस्यों के वजन, 40 kg, 49 kg, 57 kg, 67 kg और 37 kg हैं। उस परिवार का औसत वजन (kg में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 51 B). 50 C). 49 D). 52

Correct Answer: B

Q.14 एक वस्तु का क्रय मूल्य ₹400 है और अंकित मूल्य ₹1,000 है। यदि विक्रेता अंकित मूल्य पर 34% की छूट देता है, तो उसका लाभ प्रतिशत कितना होगा?

Ans A). 65% B). 62% C). 63% D). 66%

Correct Answer: A

Q.15 एक म्यूज़िक सेट की मूल कीमत ₹8,700 है। इस मूल्य पर पहले 16% की छूट दी गई और फिर 25% की वृद्धि की गई। इसकी नई कीमत (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans A). 9,635 B). 8,635 C). 9,135 D). 8,435

Correct Answer: C

Q.16 एक पेट्री डिश में जीवाणुओं की संख्या 1,20,000 थी। पहले घंटे में, इसमें 10% की वृद्धि हुई और दूसरे घंटे में x का परिवर्तन हुआ। तीसरे घंटे में, इसमें 10% की वृद्धि हुई। यदि वर्तमान संख्या 1,16,160 है, तो दूसरे घंटे में, संख्या में परिवर्तन ज्ञात कीजिए।

Ans A). संख्या में 20% की कमी हुई B). संख्या में 29,040 की कमी हुई C). संख्या में 26,000 की कमी हुई D). संख्या में 22% की कमी हुई

Correct Answer: A

Q.17 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

(−18) × (−6) + 20 ÷ 10

Ans A). 105 B). 112 C). 110 D). 107

Correct Answer: C

Q.18 एक त्रिभुज की भुजाओं की लंबाई 53 cm, 45 cm, और 28 cm है। उसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) कितना होगा?

Ans A). 615 B). 630 C). 661 D). 664

Correct Answer: B

Q.19 दो धनात्मक संख्याओं में 2364 का अंतर है। जब बड़ी संख्या को छोटी संख्या से विभाजित किया जाता है, तो भागफल 3 प्राप्त होता है और शेषफल 192 प्राप्त होता है। दी गई दो संख्याओं में से बड़ी संख्या और 3996 का महत्तम समापवर्तक (HCF) कितना है?

Ans A). 10 B). 3 C). 9 D). 6

Correct Answer: D

Q.20 एक सेल के दौरान, 50% माल को 23% लाभ पर बेचा जाता है, शेष 32% को माल 40% लाभ पर बेचा जाता है और उसके बाद शेष माल को 10% की हानि पर बेचा जाता है। यदि समग्र लाभ x% है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans A). 14.5 B). 16 C). 15 D). 13

Correct Answer: A

Q.1 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है',
A + B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
और A & B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है'।

यदि 'B @ F + R & H # W' है, तो B का W से क्या संबंध है?

Ans A). पुत्री का पुत्र B). पुत्री का पति C). पुत्री के पति का भाई D). पुत्री के पति का पिता

Correct Answer: B

Q.2 दी गई शृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

4 13 25 76 151 ?

Ans A). 454 B). 445 C). 435 D). 473

Correct Answer: A

Q.3 R बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 2 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 7 km ड्राइव करता है, फिर बाएँ मुड़ता है और 6 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 14 km ड्राइव करता है। वह अंत में बाएँ मुड़ता है और 4 km ड्राइव करके बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर पुनः पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए?

(जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90° के मोड़ हैं।)

Ans A). 3 km; पश्चिम की ओर B). 7 km; पूर्व की ओर C). 4 km; दक्षिण की ओर D). 6 km; उत्तर की ओर

Correct Answer: B

Q.4 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की बहन है',
A @ B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
A # B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'।

यदि 'W@E+R÷H#U' हो, तो W का U से क्या संबंध है?

Ans A). पत्नी के पिता का पिता B). पत्नी के पिता का भाई C). पत्नी का पिता D). पत्नी का भाई

Correct Answer: B

Q.5 एक निश्चित कूट भाषा में, 'are you here' को 'yg ko ws' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'you were right' को 'ws hj lk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। उस भाषा में 'you' को कैसे कूटबद्ध किया गया है?

Ans A). ws B). lk C). ko D). hj

Correct Answer: A

Q.6 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) G U * M B + £ L Q C T % @ H O D K > X Z F # & Y (दाएं)

ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अक्षर है और ठीक बाद एक प्रतीक है?

Ans A). एक B). दो C). तीन D). चार

Correct Answer: C

Q.7 A, B, C, D और E की आयु अलग-अलग है। C, B से बड़ा है लेकिन D से छोटा है। केवल एक व्यक्ति A से छोटा है। B सबसे छोटा नहीं है। उनमें से दूसरा सबसे बड़ा कौन है?

Ans A). A B). B C). C D). D

Correct Answer: C

Q.8 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

16,25,43,70,106 ?

Ans A). 153 B). 149 C). 155 D). 151

Correct Answer: D

Q.9 किसी निश्चित तरीके से, RX 2 का संबंध TT −7 से है। उसी तरीके से, MQ 9 का संबंध OM 0 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, NV 15 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?

Ans A). QR 8 B). QQ 6 C). PR 6 D). PQ 8

Correct Answer: C

Q.10 उस समुच्चय का चयन करें जिसमें संख्याएँ उसी प्रकार संबंधित हैं जिस प्रकार निम्नलिखित समुच्चयों की संख्याएँ संबंधित हैं।

(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि केवल 13 पर की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

(11,18,396)
(19,12,456)

Ans A). (13,14,364) B). (15,11,380) C). (17,13,441) D). (16,10,330)

Correct Answer: A

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.11** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

**कथन:**
कुछ कौवे, चील हैं।
कुछ चील, बगुला हैं।

**निष्कर्ष:**
(I): कुछ कौवे, बगुला हैं।
(II): सभी बगुला, चील हैं।

**Ans** A). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं। B). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है D). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।

**Correct Answer: B**

---

**Q.12** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन किसी निश्चित तरीके से एक समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

**Ans** A). HF - CA B). QO - LJ C). LJ - GE D). KL - PO

**Correct Answer: D**

---

**Q.13** निम्नलिखित संख्या श्रृंखला का संदर्भ लीजिए और उसके नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए (सभी संख्याएँ केवल एकल-अंकीय संख्याएँ हैं)। गिनती केवल बाएँ से दाएँ की जानी है।

(बाएँ) 4 7 1 9 0 5 3 8 2 6 1 4 7 9 2 0 3 6 8 5 1 2 7 3 4 (दाएँ)

कितनी संख्याएँ पूर्ण वर्ग हैं?

**Ans** A). दस B). आठ C). पांच D). बारह

**Correct Answer: B**

---

**Q.14** A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। C के दाईं ओर से गिनती करने पर C और F के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F और E के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। C और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। G और E के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। B और D के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। F के दाईं ओर से गिनती करने पर D और F के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). 1 B). 2 C). 3 D). 4

**Correct Answer: B**

---

**Q.15** A, B, C, D, J, K और L, एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। L के बाईं ओर तीसरे स्थान पर D बैठा है। K के बाईं ओर दूसरे स्थान पर A बैठा है। B और A दोनों का निकटतम पड़ोसी L है। C, D का निकटतम पड़ोसी नहीं है। J के दाईं ओर से गिनने पर, J और A के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

**Ans** A). तीन B). एक C). चार D). दो

**Correct Answer: D**

---

**Q.16** दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वे सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होते हों, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

**कथन:**
कोई पहाड़ी, पर्वत नहीं है।
कुछ पर्वत, घाटियाँ हैं।
सभी घाटियाँ, ग्लेशियर हैं।

**निष्कर्ष:**
**(I)** कोई पहाड़ी, घाटियाँ नहीं है।
**(II)** कुछ पर्वत, ग्लेशियर हैं।

**Ans** A). न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है। B). केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है। C). केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है। D). निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं।

**Correct Answer: C**

---

**Q.17** एक निश्चित कूट भाषा में, 'UBER' को '4723' और 'BEIR' को '2478' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' का कूट क्या होगा?

**Ans** A). 7 B). 8 C). 4 D). 2

**Correct Answer: B**

Q.18 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार वे एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?

(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, उसमें व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans A). KI-LP B). SX-TS C). TY-UT D). YD-ZY

Correct Answer: A

Q.19 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

23 B 4 D 45 A 9 C 11 = ?

Ans A). 90 B). 98 C). 85 D). 75

Correct Answer: B

Q.20 सात बक्से, A, B, C, M, N, O और T, एक-दूसरे के ऊपर रखे गए हैं लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों। N के नीचे केवल दो बक्से रखे गए हैं। N और A के बीच केवल तीन बक्से रखे गए हैं। C के नीचे केवल B को रखा गया है। O को T के ऊपर किसी स्थान पर और M के नीचे किसी स्थान पर रखा गया है। M और T के बीच कितने बक्से रखे गए हैं?

Ans A). दो B). तीन C). एक D). चार

Correct Answer: C

Q.1 Select the option that correctly punctuates the given sentence.

He is not only intelligent he is also hardworking

Ans A). He is not only intelligent; he is also hardworking. B). He is not only, intelligent he is also hardworking. C). He is not only intelligent; he is also hardworking D). He is not only intelligent: he is also hardworking.

Correct Answer: A

Q.2 Select the option that can be used as a one-word substitute for the given group of words.

A practice of having several wives

Ans A). Monogamy B). Dotage C). Bigamy D). Polygamy

Correct Answer: D

Q.3 Select the most appropriate synonym of the underlined word in the given sentence.

He gave a very lucid explanation of the topic.

Ans A). vague B). noble C). explicit D). rapid

Correct Answer: C

Q.4 Select the option that can be used as a one-word substitute for the underlined group of words.

In the digital age, smartphones have become existing or being everywhere at the same time in our daily lives.

Ans A). ubiquitous B). recondite C). evanescent D). fugacious

Correct Answer: A

Q.5 Sentences of a paragraph are given below in jumbled order. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.

A. He built models of ships he never sailed, names he only read in dusty tomes.
B. His workshop smelled of varnish, salt, and memory.
C. It was his way of charting waters he never dared to cross.
D. Each vessel carried a secret longing, a piece of freedom in miniature.

Ans A). ADBC B). ABCD C). BCAD D). BADC

Correct Answer: D

Q.6 Select the most appropriate option to punctuate the given sentence correctly.

The teacher said honesty is the best policy

Ans A). The teacher said "Honesty is the best policy!" B). The teacher said honesty, is the best policy. C). The teacher said honesty is the best policy. D). The teacher said, "Honesty is the best policy."

Correct Answer: D

Prepp
Your Personal Exams Guide

**Q.7** **Select the most appropriate meaning of the given proverb.**

**There but for the grace of God go I.**

**Ans** A). Fortunate circumstances often result more from providence than personal merit.
B). One's immunity to hardship is earned through righteous conduct and faith.
C). Moral judgment should be tempered by the belief in retributive justice.
D). Adversity strikes impartially, but enduring it reveals inner virtue.

**Correct Answer: A**

**Q.8** **Select the most appropriate ANTONYM of the underlined word in the given sentence.**

**The series can become too heavy in spots, and often that happens because the series casts the characters' pasts in such a halcyon light.**

**Ans** A). Tumultuous B). Agrarian C). Dystopian D). Utopian

**Correct Answer: A**

**Q.9** **Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence and select the option that rectifies it.**

**Despite his injenuity, the design was labelled as impractical by the review board.**

**Ans** A). labellud B). ingenuity C). impracticle D). designn

**Correct Answer: B**

**Q.10** **Identify the INCORRECTLY spelt word in the given sentence. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.**

**In an autocracy, standing against the rulers could mean harrassment, prison, torture, even death, yet dissidents stand up anyway.**

**Ans** A). harrassment B). dissidents C). autocracy D). No error

**Correct Answer: A**

**Q.11** **Select the most appropriate article to fill in the blank. If no article is needed, select 'No article required'.**

**Historians have long debated the significance of _____ fall of the Roman Empire and its impact on the medieval world.**

**Ans** A). a B). an C). No article required D). the

**Correct Answer: D**

**Q.12** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**Shayla sat ________ Komal during the performance, and they talked inaudibly throughout.**

**Ans** A). around B). between C). beside D). among

**Correct Answer: C**

**Q.13** **Select the most appropriate meaning of the given idiom.**

**Off colour**

**Ans** A). Slightly ill or unwell B). Wearing mismatched clothes C). Running late for a meeting D). Bright and energetic

**Correct Answer: A**

**Q.14** **Sentences of a paragraph are given below. While the first and the last sentences (S1 and S6) are in the correct order, the sentences in between are jumbled up. Arrange the sentences in the correct order to form a meaningful and coherent paragraph.**

**S1. Oksana rose grabbing a branch.**
**A) The wind howled eerily down the chimney.**
**B) Oksana swallowed and swung the door open.**
**C) She crept towards the door.**
**D) There was nothing there.**
**S6. Her heart pound fiercely as she stared out at the snow whipping about in the light of her small fire.**

**Ans** A). CABD B). DABC C). DCAB D). ABDC

**Correct Answer: A**

**Q.15** **Select the most appropriate option to fill in the blank.**

**The professor _____ the complex theory using a simple analogy that all students could grasp.**

**Ans** A). negated B). convoluted C). elucidated D). perplexed

**Correct Answer: C**

Prepp Your Personal Exam Guide

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner was 64 when he painted 'The Fighting Temeraire'. He was born in 1775 in a down-at-heel area of London near Covent Garden but (1) ___________ to enroll at the (2) ___________ Royal Academy of Arts aged 14. He became an Academician at the (3) _____________ age of 24, and a Professor of Perspective when he was just 32. Although he (4) __________ shoulders with the great, he refused to (5) _______________ his manners.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16 Select the most appropriate option to fill in blank no. 1.**

**Ans** A). neglected B). managed C). faltered D). wavered

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner was 64 when he painted 'The Fighting Temeraire'. He was born in 1775 in a down-at-heel area of London near Covent Garden but (1) ___________ to enroll at the (2) ___________ Royal Academy of Arts aged 14. He became an Academician at the (3) _____________ age of 24, and a Professor of Perspective when he was just 32. Although he (4) __________ shoulders with the great, he refused to (5) _______________ his manners.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17 Select the most appropriate option to fill in blank no. 2.**

**Ans** A). prestigious B). pretentious C). tarnished D). notorious

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner was 64 when he painted 'The Fighting Temeraire'. He was born in 1775 in a down-at-heel area of London near Covent Garden but (1) ___________ to enroll at the (2) ___________ Royal Academy of Arts aged 14. He became an Academician at the (3) _____________ age of 24, and a Professor of Perspective when he was just 32. Although he (4) __________ shoulders with the great, he refused to (5) _______________ his manners.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18 Select the most appropriate option to fill in blank no. 3.**

**Ans** A). precocious B). belated C). prodigal D). proficient

**Correct Answer: A**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner was 64 when he painted 'The Fighting Temeraire'. He was born in 1775 in a down-at-heel area of London near Covent Garden but (1) ___________ to enroll at the (2) ___________ Royal Academy of Arts aged 14. He became an Academician at the (3) _____________ age of 24, and a Professor of Perspective when he was just 32. Although he (4) __________ shoulders with the great, he refused to (5) _______________ his manners.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option to fill in blank no. 4.**

**Ans** A). scraped B). rubbed C). wiped D). brushed

**Correct Answer: B**

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

JMW Turner was 64 when he painted 'The Fighting Temeraire'. He was born in 1775 in a down-at-heel area of London near Covent Garden but (1) ___________ to enroll at the (2) ___________ Royal Academy of Arts aged 14. He became an Academician at the (3) _____________ age of 24, and a Professor of Perspective when he was just 32. Although he (4) __________ shoulders with the great, he refused to (5) _______________ his manners.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option to fill in blank no. 5.**

**Ans** A). reduce B). mystify C). impair D). refine

**Correct Answer: D**

Q.1 विशाल भारतीय मैदान (Great Indian Plain) का कौन-सा भाग, नदीय द्वीपों और गुंफित जलमार्गों के लिए जाना जाता है, तथा अक्सर आवधिक बाढ़ से प्रभावित होता है?

Ans A). भाबर बेल्ट B). पश्चिमी सिंधु मैदान C). ऊपरी गंगा मैदान D). ब्रह्मपुर मैदान

Correct Answer: D

Q.2 सुभाष चंद्र बोस ने निम्नलिखित में से किस उद्देश्य से इंडियन नेशनल आर्मी (INA) की स्थापना की थी?

Ans A). सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अंग्रेजों से लड़ना B). ब्रिटिश सुधारों का समर्थन करना C). संवैधानिक तरीकों को बढ़ावा देना D). मुस्लिम लीग के साथ वार्ता करना

Correct Answer: A

Q.3 स्वर्ण क्रांति निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

Ans A). बागवानी और शहद उत्पादन में वृद्धि B). सोने के उत्पादन में वृद्धि C). दलहन और तिलहन उत्पादन में वृद्धि D). सूत और जूट के उत्पादन में वृद्धि

Correct Answer: A

Q.4 लॉर्ड कार्नवालिस द्वारा शुरू की गई स्थायी बंदोबस्त (1793) का मुख्य उद्देश्य क्या था?

Ans A). भूमि पर किसानों के स्वामित्व को प्रोत्साहित करना B). भारतीय उद्योगों में सुधार करना C). जमींदारों के साथ भूमि राजस्व को स्थायी रूप से तय करना D). कृषि पर कराधान समाप्त करना

Correct Answer: C

Q.5 73वां संविधान संशोधन अधिनियम 1992 किससे संबंधित है?

Ans A). सहकारी समितियां B). ग्रामीण स्थानीय स्व-शासन C). नगर निगम D). जिला प्रशासनिक प्राधिकरण

Correct Answer: B

Q.6 52वें संविधान संशोधन अधिनियम के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?

Ans A). यह दल-बदल विरोधी प्रावधानों से संबंधित था। B). इसने संविधान में दसवीं अनुसूची जोड़ी। C). इसने धन विधेयक की अवधारणा प्रस्तुत की। D). इसे 1985 में अधिनियमित किया गया था।

Correct Answer: C

Q.7 किस योजना के तहत, संसद सदस्य (MP) भारत में आदर्श गांवों के रूप में विकसित करने के लिए गांवों को गोद लेते हैं?

Ans A). प्रधानमंत्री समग्र ग्राम विकास योजना B). ग्राम ज्योति अभियान C). राष्ट्रीय ग्रामीण उन्नति मिशन D). सांसद आदर्श ग्राम योजना

Correct Answer: D

Q.8 73वें संविधान संशोधन अधिनियम के तहत निम्नलिखित में से कौन-सा प्रावधान अनिवार्य नहीं था?

Ans A). प्रत्येक पंचायत में SC और ST के लिए उनकी जनसंख्या के अनुपात में सीटों का आरक्षण B). प्रत्येक पंचायत में महिलाओं के लिए कम से कम एक-तिहाई सीटें आरक्षित C). प्रत्येक राज्य में त्रि-स्तरीय संरचना की स्थापना D). प्रत्येक पांच वर्ष में नियमित चुनाव

Correct Answer: C

Q.9 319-320 CE में किस शासक ने गुप्त संवत की शुरुआत की थी?

Ans A). घटोत्कच B). चंद्रगुप्त प्रथम C). कुमारगुप्त D). समुद्रगुप्त

Correct Answer: B

Q.10 किस संविधान संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में मौलिक कर्तव्यों को जोड़ा गया?

Ans A). 42वां संशोधन अधिनियम, 1976 B). 73वां संशोधन अधिनियम, 1992 C). 86वां संशोधन अधिनियम, 2002 D). 44वां संशोधन अधिनियम, 1978

Correct Answer: A

Q.11 विशाल भारतीय मैदान (Great Indian Plain) के निम्नलिखित बेल्ट्स (belts) को उत्तर से दक्षिण की ओर व्यवस्थित कीजिए।

1. खादर
2. तराई
3. भाबर
4. भांगर

Ans A). 3 → 2 → 1 → 4 B). 4 → 3 → 2 → 1 C). 3 → 2 → 4 → 1 D). 2 → 3 → 4 → 1

Correct Answer: C

Q.12 भारत में कौन-सा वह वन प्रकार है, जो निश्चित पतझड़ के मौसम (leaf-shedding season) के न होने के कारण पूरे वर्ष हरा-भरा रहता है?

Ans A). कंटक वन B). अल्पाइन स्क्रब C). उष्णकटिबंधीय सदाबहार वन D). उष्णकटिबंधीय पर्णपाती वन

Correct Answer: C

Q.13 1857 के विद्रोह के दौरान, मध्य प्रदेश के मंडला क्षेत्र में अंग्रेजों के विरुद्ध चार हजार लोगों की सेना का नेतृत्व निम्नलिखित में से किसके द्वारा किया गया था?

Ans A). रानी अवंतीबाई लोधी B). रानी लक्ष्मीबाई C). बेगम हज़रत महल D). झलकारी बाई

Correct Answer: A

**Q.14** **भारत के संदर्भ में, आदिम निर्वाही कृषि मुख्यत: निम्नलिखित में से किस पर निर्भर करती है?**

Ans A). HYV बीज और नहर B). मानसून और मृदा उर्वरता C). ड्रिप और स्प्रिंकलर सेट D). ट्रैक्टर और हार्वेस्टर

Prepp
Your Personal Exams Guide

Correct Answer: B

**Q.15** **विश्व का सबसे ऊंचा रेल पुल निम्नलिखित में से किस नदी पर बना है?**

Ans A). चिनाब B). झेलम C). रावी D). सतलुज

Correct Answer: A

**Q.16** **'ग्रीन बजट (Green Budget)' के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

**i. यह बजट में ग्रीन घटक शामिल करता है।**
**ii. यह हमारी भावी पीढ़ी के लिए हमारे प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।**
**iii. यह 2018-2019 में शामिल बजट की एक नई अवधारणा है।**

Ans A). केवल i B). केवल i और iii C). सभी i, ii, और iii D). केवल i और ii

Correct Answer: D

**Q.17** **भारतीय संविधान में, राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत (DPSP) का उद्देश्य भारत में किस प्रकार के राज्य की स्थापना करना है?**

Ans A). कल्याणकारी राज्य B). सैन्य राज्य C). पूंजीवादी राज्य D). धार्मिक राज्य

Correct Answer: A

**Q.18** **निम्नलिखित में से किस औद्योगिक नीति संकल्प द्वारा उद्योगों को तीन अनुसूचियों में विभाजित करके सार्वजनिक क्षेत्र को भारतीय अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख कार्य सौंपा गया?**

Ans A). 1956 का औद्योगिक नीति संकल्प B). 1948 का औद्योगिक नीति संकल्प C). 1977 का औद्योगिक नीति संकल्प D). 1980 का औद्योगिक नीति संकल्प

Correct Answer: A

**Q.19** **मैदानी इलाकों में हिमालयी नदियों के मार्गों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?**

Ans A). ये बिना किसी विचलन के बिल्कुल सीधे पथों में बहती हैं। B). ये केवल वृत्तीय मार्ग में बहती हैं और प्राकृतिक झीलें बनाती हैं। C). अपरिवर्तनीय स्थलाकृति के कारण इनके मार्ग निश्चित हैं। D). ये विसर्पी मार्ग अपनाती हैं जो समय के साथ बदलते रहते हैं।

Correct Answer: D

**Q.20** **निम्नलिखित में से कौन-सा मौर्य शासक भारत के बाहर बौद्ध धर्म के प्रसार के लिए प्रसिद्ध है?**

Ans A). चंद्रगुप्त मौर्य B). अशोक C). बिंदुसार D). बृहद्रथ

Correct Answer: B

Prepp
Your Personal Exams Guide